दिनांक 13 जून 2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

पानी निकासी सुदृढ़ करने गदा चौक के पास हो रहा है पुल निर्माण , हर बारिश में पानी निकासी की होती थी समस्या, इस बारिश में नहीं होगी समस्या

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गदा चौक के पास पुल का निर्माण किया जा रहा है , ताकि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति आसपास की बस्तियों तथा मोहल्ले में निर्मित न हो और बारिश के पानी का फ्लो बना रहे। गदा चौक के पास का पुल छोटा होने तथा पूरी तरीके से जाम होने के कारण वैशाली नगर , खुर्सीपार केनाल, राजीव नगर की तरफ से आने वाले पानी को निकलने में प्रत्येक बारिश में समस्या होती है। जिसके चलते समीपस्थ बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लेकिन अब नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा पुल को व्यवस्थित तरीके से निर्माण किया जा रहा है ताकि इस बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और पानी निकासी आसानी से हो सके। पुल निर्माण का काम तेज गति से किया जा रहा है और निगम के अधिकारी इसकी लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने बड़े नालों की सफाई और नालियों की सफाई सघन रूप से करने के निर्देश सभी जोन आयुक्तों के दिए हैं। इसी तारतम्य में नालों की सफाई का काम लगभग पूर्ण हो चुका है तथा नालियों की सफाई भी निरंतर की जा रही है। मानसून को देखते हुए भिलाई निगम अलर्ट हो गया है। निगम क्षेत्र में जहां-जहां पर जलभराव की समस्या निर्मित होती थी उन क्षेत्रों में नालों की सफाई की जा चुकी है।